JINDAL LEASEFIN LIMITED
CIN: L74899DL1994PLC059252
Regd. Office: 110, Babar Road, New Delhi-110001
Ph: 011-46201000 **Fax:** 011-46201002, **E-mail:** jindal@jindal.bz, taxation@jindal.bz
Website: www.jlltd.co.in
NOTICE OF 27th ANNUAL GENERAL MEETING, E-VOTING INFORMATION AND BOOK CLOSURE

NOTICE is hereby given that the 27th Annual General Meeting (AGM) of the Members of Jindal Leasefin Limited will be held on Thursday, 30th September, 2021 at 10:00 A.M. at Kejriwal Farm House, Holambi Kalan, Narela, Delhi-110082.

The notice along with the Annual Report for the financial year 2020-21 in electronic mode has been sent to all the Members whose email ids are registered with the Company/Depository Participants. Physical copies of the notice alongwith the Annual Report have been sent to other Members at their registered addresses.

The members may cast/exercise their right to vote by electronic means through remote e-voting services provided by CDSL. Voting rights shall be reckoned on the paid-up value of shares registered in the name of the member/beneficial owner as on the cut off date i.e. 23rd September, 2021. Any person who becomes member of the company after dispatch of the notice of the meeting and holding shares as on cut-off date i.e. 23rd September, 2021 may obtain the user ID and password by sending a request at beetalrta@gmail.com.

The remote e-voting period commences on Monday, 27th September, 2021 at 9:00 A.M. (IST) and ends on Wednesday, 29th September, 2021 at 5:00 P.M. (IST) Please note that remote e-voting will not be allowed beyond 5:00 p.m. (IST) on 29th September, 2021.

The facility for voting through Ballot Paper shall be made available at the venue of the AGM to the members attending the meeting, who have not cast their vote by remote e-voting. The members who have cast their vote by remote e-voting prior to the AGM, may also attend the meeting but shall not be entitled to cast their vote again at the AGM.

The Notice and annual report can also be downloaded from the Company's website: www.jlltd.co.in. Any grievance related to e-voting may be addressed to the undersigned.

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 read with rules thereunder and Regulation 42 of SEBI (LODR) Regulations, 2015 the Register of members and Share Transfer Books of the Company shall remain closed from 24th September, 2021 to 30th September, 2021 for the purpose of Annual General Meeting.

For Jindal Leasefin Limited
Sd/-
SURENDER KUMAR JINDAL
MANAGING DIRECTOR

Date : 03.09.2021
Place : New Delhi

'कोविड नियमों का करें पालन लॉकडाउन को मजबूर न करें'

भाषा। पुणे

ग्रामीण इलाकों में लोगों के कोविड-19 से बचाव के लिहाज से सतर्क नहीं रहने पर चिंता जताते हुए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने शुक्रवार को लोगों से कहा कि वे राज्य सरकार के लिए ऐसी स्थिति उत्पन्न न करें जिसमें कि उसे वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की तीसरी लहर आने की स्थिति में सबकुछ बंद करना पड़े।

पवार ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि केरल और महाराष्ट्र में संक्रमण के सर्वाधिक मामलों के मद्देनजर केंद्र सभी राज्यों को पहले ही आगाह कर चुका है। उन्होंने कहा, दुर्भाग्य की बात है कि ग्रामीण इलाकों में कुछ लोग बेपरवाह हो गए हैं, वे कोरोना वायरस से डर नहीं रहे। वे मास्क नहीं पहनते, सामाजिक दूरी का पालन नहीं करते और उन्होंने ऐसा मान लिया है कि वह दौर (कोरोना वायरस का) अब गुजर चुका है। इसी के कारण संक्रमण के मामलों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने अपील की, इसे कहीं न कहीं तो रोकना होगा। लोगों को राज्य सरकार तथा प्रशासन के लिए ऐसी स्थिति पैदा नहीं करनी चाहिए जिसमें कि यदि तीसरी लहर आती है तो उन्हें सबकुछ बंद करना पड़े। स्कूलों को पुन: खोले जाने के सवाल पर पवार ने कहा कि विशेषज्ञों से बातचीत चल रही है और इस बारे में निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा, इस बारे में दो मत हैं। कुछ लोग कहते हैं कि स्कूलों को दीपावली के बाद खोला जाना चाहिए और कुछ कहते हैं कि ऐसे स्थानों पर स्कूल खोले जाने चाहिए जहां संक्रमण दर शून्य है। इस बारे में मुख्यमंत्री निर्णय लेंगे। राज्य में मंदिर खोलने की भारतीय जनता पार्टी और महाराष्ट्र नव निर्माण सेना की मांग पर पवार ने कहा कि निकाय चुनाव करीब हैं और ऐसे में हर दल अपनी मौजूदगी का अहसास करवाना चाहता है और यही वजह है कि भावनाओं से जुड़े इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। पुणे के संरक्षक मंत्री पवार ने जिले में कोविड-19 हालात को लेकर एक समीक्षा बैठक के बाद संवाददाताओं से बातचीत में यह कहा। उन्होंने कहा कि गणेश उत्सव का समय भी करीब आ रहा है और लोगों को बड़े पैमाने पर उत्सव मनाने से बचना चाहिए।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने का फैसला वापस हो

बेंगलुरु। वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कर्नाटक विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष सिद्धरमैया ने शुक्रवार को राज्य सरकार से आग्रह किया कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करने के फैसले को वापस लिया जाए। सिद्धरमैया ने दावा किया कि नई शिक्षा नीति के पीछे मकसद छात्रों में शिक्षा के माध्यम से सांप्रदायिकता की भावना को भरना है और यह शिक्षा तथा विश्वविद्यालयों को लेकर राज्यों की स्वायत्तता में भी हस्तक्षेप करती है। पूर्व मुख्यमंत्री नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन के बारे में उच्च शिक्षा मंत्री सी एन अश्वत्थ नारायण के कार्यालय से भेजे गए एक पत्र पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। इस पत्र में सिद्धरमैया से इस विषय पर चर्चा करने के लिए समय मांगा गया है। सिद्धरमैया ने नारायण को लिखे पत्र में कहा, गौर करने की बात है कि सरकार पहले ही उक्त नीति को मौजूदा शिक्षण सत्र से लागू करने का फैसला कर चुकी है।

कोलकाता में एक आधार सेवा केंद्र का दृश्य जहां पर मौजूद लोग कोविड प्रोटकॉल के सारे नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं

शिमला में हो रही भारी बारिश के बीच छाता लेकर सड़कों पर निकले लोग

अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामला

तेरह साल बाद हुई सुनवाई पूरी अदालत ने फैसला सुरक्षित रखा

भाषा। अहमदाबाद

गुजरात के अहमदाबाद में हुए श्रृंखलाबद्ध बम धमाकों के 13 साल बाद यहां की एक विशेष अदालत ने इस मामले में 77 आरोपियों के खिलाफ सुनवाई पूरी कर ली और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। उस घटना में 56 लोगों की मौत हो गई थी।अभियोजन पक्ष ने बम धमाकों के एक साल बाद दिसंबर 2009 में शुरू हुए लंबे मुकदमे में।,100 से अधिक गवाहों को पेश किया। विशेष न्यायाधीश ए आर पटेल ने बृहस्पतिवार को सुनवाई पूरी करने की घोषणा की और फैसला सुरक्षित रख लिया। अहमदाबाद शहर में 26 जुलाई, 2008 को 70 मिनट के भीतर 21 बम विस्फोटों में कम से कम 56 लोग मारे गए थे और 200 से अधिक घायल हुए थे। पुलिस ने दावा किया था कि आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन (आईएम) से जुड़े लोग विस्फोटों में शामिल थे और यह प्रतिबंधित स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) के कट्टरपंथियों का एक धड़ा था। यह आरोप लगाया गया था कि आईएम आतंकवादियों ने 2002 के गोधरा दंगों का बदला लेने के लिए इन विस्फोटों की योजना बनाई थी। इन धमाकों के कुछ दिनों बाद, पुलिस ने सूरत के विभिन्न हिस्सों से बम बरामद किए और उसके बाद अहमदाबाद में 20 और सूरत में 15 प्राथमिकी दर्ज की गईं। अदालत द्वारा सभी 35 प्राथमिकी को एकसाथ कर दिए जाने के बाद सुनवाई की गई। गुजरात पुलिस द्वारा विभिन्न समय पर गिरफ्तार किए गए 85 आरोपियों में से 78 लोगों के खिलाफ सुनवाई शुरू हुई और एक आरोपी के सरकारी गवाह बनने के बाद यह संख्या घटकर 77 रह गई। इस मामले में कम से कम आठ से नौ आरोपी अब भी फरार हैं। आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के साथ ही गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) कानून के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। विशेष अदालत शुरू में साबरमती केंद्रीय कारागार में मामले की सुनवाई करती थी। बाद में ज्यादातर कार्यवाही वीडियो-कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए की जाती थी। सुनवाई जारी रहने के दौरान ही कुछ आरोपियों ने 2013 में जेल में 213 फुट लंबी सुरंग खोदकर कथित रूप से भागने की कोशिश की थी।

एनआईए ने एंटीलिया मामले और हिरन हत्याकांड में वाजे और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया

मुंबई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एंटीलिया कांड और मनसुख हिरन हत्या मामले में शुक्रवार को बर्खास्त पुलिस अधिकारी सचिन वाजे और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया। केंद्रीय जांच एजेंसी ने यहां एक अदालत में आरोप पत्र दायर किया है। वाजे के अलावा पूर्व एनकाउंटर विशेषज्ञ प्रदीप शर्मा और कुछ अन्य पूर्व पुलिसकर्मी भी इस मामले में आरोपी हैं। बचाव पक्ष के एक अधिवक्ता ने बताया कि पिछले महीने जांच एजेंसी को अदालत ने प्रक्रिया पूरी करने के लिए 30 और दिन की मंजूरी दी थी, इस अवधि के समाप्त होने से दो दिन पहले एजेंसी ने यह आरोप पत्र दाखिल किया है। यह मामला इस साल 25 फरवरी को उद्योगपति मुकेश अंबानी के दक्षिण मुंबई स्थित आवास के निकट विस्फोटक सामग्री वाली कार मिलने से संबंधित है। इसके अलावा ठाणे के एक व्यवसाई मनसुख हिरन की मौत से भी यह जुड़ा है जिनका शव एक नाले से बरामद किया गया था।

पूर्वोत्तर रेलवे
(ई-निविदा सूचना)
राष्ट्रपति भारत सरकार की ओर से मण्डल इंजीनियर/यांत्रिक कारखाना वास्ते मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यांत्रिक कारखाना, गोरखपुर द्वारा नीचे लिखे कार्य के लिये आनलाईन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है:-
क्रम सं.:-1, ई-निविदा सूचना सं. एवं निविदा कार्य का विवरण: 02-2021-09-01, यॉत्रिक कारखाना-कैरिंग आउट जोन नं.-9 सी एरिया यॉत्रिक कारखाना एवं भण्डार डिपो में स्थित सभी प्रकार के छाजन के मरम्मत सम्बन्धी कार्य। पी.ई. 30-06-2022, अनुमानित लागत: ₹ 63,00,000/-, निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि: 27-09-2021 एवं समय 15:00 बजे के पूर्व तक।
• इस ई-निविदा का पूर्ण विवरण एवं निविदा में भाग लेने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट संख्या *www.ireps.gov.in* पर देखें।
मुख्य कारखाना प्रबन्धक, यां0 कार0
मुजाधि/यांत्रिक-27 गोरखपुर
यात्री सुविधा सम्बन्धित शिकायत हेतु मो. नं.: 09794845955 पर एसएमएस करें।
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

पश्चिम बंगाल हिंसा की जांच का मामला

पूर्व चीफ जस्टिस करेंगे एसआईटी जांच की निगरानी

भाषा। कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय की पांच सदस्ईय पीठ ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व मुख्य न्यायाधीश मंजुला चेल्लूर पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई कथित हिंसा में बलात्कार और हत्या के अलावा अन्य मामलों की जांच के लिए गठित एसआईटी के कामकाज की निगरानी करेंगी। पीठ ने 19 अगस्त को कई याचिकाओं पर अपने फैसले में पश्चिम बंगाल में विधान सभा चुनाव के नतीजों की दो मई को घोषणा के बाद बलात्कार और बलात्कार के प्रयास सहित हत्या और महिलाओं के प्रति बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के सभी मामलों की जांच का निर्देश दिया था। इन याचिकाओं में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के बाद हिंसा की घटनाओं की स्वतंत्र जांच का आदेश देने का अनुरोध किया गया था। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश राजेश बिंदल की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) चेल्लूर राज्य में चुनाव बाद हिंसा के अन्य मामलों की जांच के लिए उसके द्वारा गठित किए गए विशेष जांच दल के कामकाज की निगरानी करेंगी। चेल्लूर केरल उच्च न्यायालय, कलकत्ता उच्च न्यायालय और बॉम्बे उच्च न्यायालय की पूर्व मुख्य न्यायाधीश हैं। वह कलकत्ता उच्च न्यायालय में यह पद संभालने वाली पहली महिला भी हैं। पांच न्यायाधीशों की पीठ ने 19 अगस्त को कहा था कि एसआईटी के कामकाज की सुप्रीम कोर्ट के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश निगरानी करेंगे, जिसके लिए उसकी सहमति लेने के बाद एक अलग आदेश पारित किया जाएगा। हालांकि, शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की तत्काल अनुपलब्धता के कारण, पीठ ने शुक्रवार को अपने पहले के आदेश को संशोधित करते हुए कहा कि एसआईटी के कामकाज की निगरानी एक उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश द्वारा की जानी है। पीठ ने अपने आदेश में कहा, हमने इस अदालत की सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति मंजुला चेल्लूर से कार्यभार संभालने का अनुरोध किया था। उन्होंने बहुत ही विनम्रता से हमारे अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। हम तदनुसार उन्हें एसआईटी के कामकाज का अवलोकन करने के लिए नियुक्त करते हैं। एसआईटी में पश्चिम बंगाल काडर के आईपीएस अधिकारी सुमन बाला साहू, सोमेन मित्रा और रणवीर कुमार शामिल हैं। पीठ ने निर्देश दिया था कि एसआईटी मामलों की निष्पक्ष जांच के लिए किसी भी अन्य पुलिस अधिकारी या संस्थान या एजेंसी की सहायता ले सकती है।

बीएसएफ के जवानों ने सफेद मोरों को बचाया

राणाघाट। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पश्चिम बंगाला के नादिया जिले में भारत बांग्लादेश सीमा पर शुक्रवार को दो सफेद मोरों को बचाया। इन दोनों पक्षियों को तस्करी कर बांग्लादेश ले जाया जा रहा था। बल के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि गश्त के दौरान बर्नपुर-मटियारी सीमा चौकी पर शुक्रवार तड़के दो लोग अंतरराष्ट्रीय सीमा पर जंगल में छिपते दिखाई दिए। उन्होंने बताया कि इसके बाद कथित बांग्लादेशी तस्करों को जवानों ने ललकारा तो वह दो बैग मौके पर छोड़ कर भाग गए। अधिकारी ने बताया कि बल के जवानों ने दोनों बैगों को खोला तो उसमें से दो अल्बीनो मोर बरामद हुए। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मोरों को दाना पानी दिया और बाद में दोनों को वन विभाग के हवाले कर दिया। वन अधिकारी ने मोरों के मिलने की पुष्टि की है।

ट्रेन में अंत:वस्त्रों में घूमते दिखे विधायक, चढ़ा सियासी पारा

● अब विधायक ने दी मामले पर सफाई

भाषा। नई दिल्ली। पटना,

बिहार के जद (यू) विधायक गोपाल मंडल ने शुक्रवार को सफाई दी कि पटना-नई दिल्ली तेजस राजधानी ट्रेन में अंत:वस्त्रों में घूमते हुए, यात्रियों के साथ उनकी कहासुनी इसलिए हुई थी क्योंकि वह पेट खराब होने की वजह से शौचालय जाने की जल्दी में थे। वहीं, इस मामले पर बिहार में विपक्षी नेताओं ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को घेरने की कोशिश की और इसे बिहार की छवि खराब करने वाली घटना बताया। घटना बृहस्पतिवार को हुई। जब कहासुनी झगड़े में बदल गई तो रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) और टिकट परीक्षक को हस्तक्षेप करना पड़ा। मंडल ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि वह ट्रेन में चढ़ने के तुरंत बाद शौचालय जाने की जल्दी में थे। विधायक ने कहा कि उन्होंने आनन-फानन में अपना कुर्ता-पायजामा उतार दिया व तौलिए को कमर में लपेटने की बजाय कंधे पर डाल दिया।उन्होंने संवाददाताओं से कहा, मैंने केवल अंत:वस्त्र पहने थे क्योंकि यात्रा के दौरान मेरा पेट खराब हो गया था। मेरे पास इसे अपनी कमर पर लपेटने का समय नहीं था। जद (यू) विधायक ने कहा कि एक यात्री ने उन्हें रोका और पूछा कि वह नग्न क्यों घूम रहे हैं।मंडल ने कहा, मैं (शौचालय से) बाहर आया और पूछा कि वह कौन है जिस पर यात्री ने जवाब दिया मैं जनता हूं। मैंने उनसे पूछा कि एक विधायक के साथ ऐसा व्यवहार कौन करता है? मंडल ने कहा कि घटना के समय ट्रेन के डिब्बे में कोई महिला नहीं थी।विधायक ने कहा कि जब पुलिस उनसे बात करने आई, तो उन्होंने कहा कि वह इस बात के लिए शर्मिंदा हैं कि उन्होंने यात्री का हाथ पकड़कर उसे धक्का दे दिया।मंडल ने कहा, इसके बाद मैंने यात्री से माफी मांगी। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि घटना के बाद विधायक को ट्रेन के दूसरे कोच में स्थानांतरित कर दिया गया।पूर्वी-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) राजेश कुमार ने कहा, साथी यात्रियों ने विधायक के व्यवहार के बारे में शिकायत की। आरपीएफ और टीटीई ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। इस वाकए पर लोजपा के सांसद चिराग पासवान ने पटना में कहा, मैं पूरे घटनाक्रम से वाकिफ नहीं हूं। लेकिन मैं इतना जरूर कहना चाहूंगा कि इस प्रकार की घटनाएं बिहार की छवि खराब करने के लिए जिम्मेदार होती हैं। उम्मीद करता हूं कि मुख्यमंत्री, जिनके पास अब गिने-चुने विधायक रह गए हैं, वह जन प्रतिनिधियों को सार्वजनिक आचार सिखाएंगे।

सीबीआई ने बंगाल हिंसा मामलों में की तीसरी गिरफ्तारी

कोलकाता। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा के एक मामले की जांच के सिलसिले में उत्तर 24 परगना जिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के एक सूत्र ने शुक्रवार को बताया कि दो मई को विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता की मां की हत्या के आरोपी रतन हल्दर को जगदल इलाके से पकड़ा गया है। केंद्रीय एजेंसी ने चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या में शामिल होने के आरोप में 28 अगस्त को नदिया जिले से दो और लोगों विजय घोष तथा आसिमा घोष को गिरफ्तार किया था। सीबीआई ने बीरभूम जिले में चुनाव के बाद हिंसा के एक अन्य मामले में बृहस्पतिवार को आरोप पत्र दायर किया था। जघन्य अपराधों की जांच सौंपे जाने के बाद से पहली बार उसने आरोपपत्र दायर किया था।

कोविशील्ड टीकों की कमी का सामना कर रहा केरल: स्वास्थ्य मंत्री

● एक दिन पहले पहुंची कोरोना मामलों की संख्या 41 लाख के पार

● छह जिलों में टीकों की खुराकें हुईं पूरी तरह से खत्म: वीना जॉर्ज

भाषा। तिरुवनंतपुरम

केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने शुक्रवार को कहा कि कम से कम छह जिलों में कोविशील्ड टीके की खुराकें पूरी तरह खत्म हो गई हैं और सरकार ने केंद्र से और खुराकें मांगी हैं। केरल में एक दिन पहले कोविड-19 के मामलों की कुल संख्या 41 लाख पहुंच गई थी। उन्होंने कहा कि कोल्लम, कोट्टायम, एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोझीकोड और कन्नूर जिले टीकों की कमी का सामना कर रहे हैं और राज्य के भंडार में केवल 1.4 लाख खुराक शेष हैं। हालांकि, मंत्री ने कहा कि सभी जिलों में कोवैक्सीन का सीमित स्टॉक है। जॉर्ज ने यहां एक बयान में कहा, हमने केंद्र से जल्द से जल्द वैक्सीन की और खुराक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग कोवैक्सीन लेने के इच्छुक नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोवैक्सीन की खुराक लेने के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है और दोनों टीके प्रभावी होने के साथ-साथ सुरक्षित भी हैं। जॉर्ज ने कहा कि राज्य ने 18 साल से अधिक उम्र के 75 प्रतिशत लोगों को पहली खुराक देकर टीका अभियान में एक और लक्ष्य हासिल किया है। राज्य की कुल 3.58 करोड़ आबादी में से 2,15,27,035 लोगों को टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि इनमें से 27.74 प्रतिशत लोगों (79,60,935) ने दूसरी खुराक भी ले ली है। राज्य में कुल 2,94,87,970 लोगों को या तो पहली खुराक या दोनों खुराकें मिल चुकी हैं। मंत्री ने कहा, अकेले अगस्त के महीने में 86 लाख से अधिक खुराक दी गईं। सरकार का लक्ष्य इस महीने में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी लोगों को टीका लगाना है। इसके लिए अधिक टीके की खुराक की आवश्यकता है। केरल में रोजाना कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि देखी जा रही है और कुल संख्या 41 लाख से अधिक हो गई है। राज्य में कल एक बार फिर संक्रमण के 30 हजार से अधिक मामले सामने आए हैं।

राज्य में 2020 की शुरुआत में संक्रमण का पहला मामला सामने आया था। बृहस्पतिवार को राज्य में संक्रमण के 32,097 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की कुल संख्या 41,22,133 हो गई थी। इसके अलावा 188 रोगियों की मौत के बाद मृतकों की तादाद 21,149 तक पहुंच गई थी।

kotak KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
PUBLIC NOTICE

We, **Kotak Mahindra Bank Limited, (KMBL),** for our Bank Branch and other related business (including setting up Automated Teller Machine -ATM), desire to take on Lease for the period of18 (Eighteen) years the property, more particularly described in the schedule hereunder written, owned by owners as mentioned herein below.
Public at large and all the concerned, private individuals, government/ semi-government institutions / bodies / authorities, if have got any right, title, interest, or share in the property herein mentioned or anybody who has objection for the aforesaid transaction are herewith publicly informed to raise his/her/their objection/s in writing with copies of all the supportive documents to the undersigned within 7 (Seven) days from publication of this public notice. If the objections are not received by the undersigned in writing along with copies of all supportive documents within 7 (Seven) days from publication of this public notice, then it will be construed that the title to the said property are clear and that all such concerned have waived their rights and all such concerned shall be estopped from raising any objections thereafter and that we shall proceed thereafter further in the execution of the Lease Deed or such agreements and all such persons shall be estopped from raising any objections to such transaction thereinafter.

Description of the Property to be taken on Lease	Owner
ALL THAT the piece and parcel ofCommercial property being No. 2-A/6 admeasuring about 1089 Sq. ft. on ground floor and 1090 sq. ft. on the Basement Floor which is part of the building Situated at 2-A/6, New Industrial Town, Faridabad-121001.	Mr. Manish Chaudhary Smt. Sanjula Chowdhary Mr. Shobit Chowdhary Smt. Reeema Samrat Mr. Sanjeev Kumar **Presently residing at:** House no.-512, Sector-15 ,Faridabad, Haryana.

Legal Department
Kotak Mahindra Bank Limited.
Kotak Infinity, 5th Floor, Building No.21, Infiniti Park, off Western Express Highway, General A K Vaidya Marg, Malad (East), Mumbai 400097

जिंदल लीजफिन लिमिटेड
सीआईएन : एल74899डीएल1994पीएलसी059252
पंजी. कार्यालय : 110, बाबर रोड, नई दिल्ली-110001
फोन : 011-46201000 फैक्स : 011-46201002,
ई-मेल : jindal@jindal.bz, taxation@jindal.bz
वेबसाइट : www.jlltd.co.in
27वीं वार्षिक सामान्य बैठक,
ई-वोटिंग जानकारी तथा बही बंदी की सूचना
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि जिंदल लीजफिन लिमिटेड के सदस्यों की 27वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) बृहस्पतिवार, 30 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 10.00 बजे केजरीवाल फार्म हाउस, होलाम्बी कलां, नरेला, दिल्ली-110082 में आयोजित होगी।
सूचना, वित्तीय वर्ष 2020-21 हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित उन सभी सदस्यों को इलेक्ट्रानिक विधि से भेजी जा चुकी है, जिनकी ई-मेल आईडी'ज कम्पनी/डिपॉजिटरी सहभागी के पास पंजीबद्ध हैं। सूचना की भौतिक प्रतियां, वार्षिक रिपोर्ट सहित अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर भेजी जा चुकी हैं।
सदस्यगण इलेक्ट्रॉनिक साधनों द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सीडीएसएल द्वारा उपलब्ध कराई गई रिमोट ई-वोटिंग सर्विसेज के माध्यम से कर सकते हैं। वोटिंग अधिकार की गणना कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2021 को सदस्य/लाभार्थी स्वामी के नाम में पंजीकृत शेयरों के प्रदत्त मूल्य पर की जाएगी। कोई व्यक्ति, जो बैठक की सूचना के प्रेषण के पश्चात कम्पनी का सदस्य बनता है और कट ऑफ तिथि अर्थात 23 सितम्बर, 2021 को शेयरों का धारक है, वह beetlarta@gmail.com पर अनुरोध भेजकर यूजर आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
रिमोट ई-वोटिंग अवधि सोमवार, 27 सितम्बर, 2021 को पूर्वा. 9.00 बजे (आईएसटी) आरंभ होगी तथा बुधवार, 29 सितम्बर, 2021 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) समाप्त होगी। कृपया नोट करें कि 29 सितम्बर, 2021 को अप. 5.00 बजे (आईएसटी) के पश्चात रिमोट ई-वोटिंग की अनुमति नहीं होगी।
एजीएम स्थल पर मतपत्र द्वारा वोट डालने की सुविधा बैठक में उपस्थित उन सदस्यों को उपलब्ध होगी, जिनके द्वारा रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट नहीं डाला गया है। एजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग द्वारा वोट डाल चुके सदस्य भी बैठक में भाग ले सकते हैं, परंतु उनको एजीएम में पुन: वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
सूचना और वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट : www.jlltd.co.in से डाउनलोड भी की जा सकती है।
ई-वोटिंग संबंधी कोई भी शिकायत अधोहस्ताक्षरी को संबोधित की जा सकती है।
कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के साथ पठित तदधीन विरचित नियमों तथा सेबी (एलओडीआर) विनियमावली, 2015 के विनियम 42 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों की पंजिका तथा शेयर अंतरण बहियां 24 सितम्बर, 2021 से 30 सितम्बर, 2021 तक वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगी।
बारते जिंदल लीजफिन लिमिटेड
हस्ता./-
तिथि : 03-09-2021 सुरेन्द्र कुमार जिंदल
स्थान : नई दिल्ली प्रबंध निदेशक

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं.- एमसीएफ/आरबीएल/शेल असेंबली फॉर एलडबल्यूएससीजेड, एलडबल्यूएसएसी, एलडबल्यूसीबीएसी & एलएचबी वीपीएच शेल्स/2021-22/सी 286डी दिनांक:- 02.09.2021 आईआरईपीएस के पोर्टल www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** कार्य क्षेत्र के अनुसार एलडबल्यूएससीजेड, एलडबल्यूएसएसी, एलडबल्यूसीबीएसी & एलएचबी वीपीएच शेल की असेंबली, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):-** 84,80,640.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य (₹):** शून्य, **अमानत राशि :** फर्म को अपेक्षित अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट की छूट लेने के लिए ई-बिड जमा करने के समय बिड सिक्योरिटी डिक्लेरेशन जमा करना है जो कि अध्याय-IV के एनेक्सर-VI पर है, **कार्य की मात्रा:** 300 शेल, **कार्य समापन की अवधि:** 12 माह • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 24.09.2021 को 15:00 बजे। • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/शेल

ई-एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 30/ईटी/2021-22 दिनांक : 31.08.2021

क्र.सं.	निविदा सं.	माल का विवरण	मात्रा	नियत तिथि
01	12211103	स्प्रिंग गाइड अपर	9911 नग	20.09.2021
02	06211094	पीयू बेसड बेट आन बेट पेन्ट फॉर एक्सटेरिअर पेंटिंग ऑफ कोचेज	511 सेट	04.10.2021
03	06211047	सप्लाई एण्ड अप्लाई बेसिस थर्मल कम साउंड इंसुलेशन मटेरीएल फॉर अंडर फ्रेम ऑफ एलएचबी कोचेज & थर्मल कम साउंड इंसुलेशन मटेरीएल रूफ सैडवाल ऑफ एलएचबी कोचेज	19680 एसक्यूम 264477 एसक्यूम	04.10.2021
04	12211034	बोगी फ्रेम असेम्बली फॉर 120 केएन ऐयर स्प्रिंग टाईप	1335 नग	05.10.2021
05	12211026	सेट ऑफ कन्ट्रोल एआरएमएस (फीनिशड) फॉर एलएचबी बोगी	1340 सेट	12.10.2021
06	03211522	सेट ऑफ सैडवाल पैनल फॉर एलडब्ल्यूएसीसीडब्ल्यू-टी कोचेज	159 सेट	22.09.2021
07	12211038	एन्टी रोल बार	3462 नग	20.09.2021
08	05211337	सेट ऑफ ईलेक्ट्रीकल ब्रैकेट फॉर एलडब्ल्यूएसीएन एंड एलएस कोचेज	314 सेट	24.09.2021
09	11201024सी	वेंचुरी टाईप टॉयलेट वेंटीलेशन आरेंजमेंट फॉर एलएचबी कोचेज	2424 सेट	30.09.2021
10	11215024	सेल किट फॉर एलडब्ल्यूएसीसीएनइ (इओजी) कोच	47 सेट	30.09.2021
11	05211130बी	सेट ऑफ इलेक्ट्रिकल ब्रैकेट फॉर एलडब्ल्यूएससीएन कोचेज	1584 सेट	30.09.2021
12	11211154	सलाइडिंग डोर (एलएच & आरएच) एलांगबिद माउटिंग आरेंजमेंट	400 नग	27.09.2021

शुद्धिपत्र

01	25/ईटी/2021-22 दिनांक: 09.08.2021	टैन्डर न. 06215004	निविदा खुलने की तिथि- 03.09.2021 के स्थान पर 10.09.2021 पढ़ें।
02	24/ईटी/2021-22 दिनांक: 04.08.2021	टैन्डर न. 05211201ए	मात्रा 1454 सेट स्थान पर 1659 पढ़ें। निविदा खुलने की तिथि- 20.09.2021 के स्थान पर 27.09.2021 पढ़ें।

शुद्धि पत्र सं. 03 दिनांक : 01.09.2021

शुद्धिपत्र

01	23/ईटी/2021-22 दिनांक: 30.07.2021	टैन्डर न. 04211266	निविदा खुलने की तिथि- 01.09.2021 के स्थान पर 08.09.2021 पढ़ें।

Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in
उप मुख्य सामग्री प्रबंधक/विद्युत
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ